तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 4 नवंबर 2025

12 गुरुनानक जयंती पर सिख समाज ने निकाली...

13 शहर व गांवों में मना देवउठनी का पर्व




## खबर संक्षेप

### जिला मेडिकल बोर्ड का आयोजन आज

**बलौदाबाजार**। जिला चिकित्सालय में 5 नवम्बर क्रो गुरूनानक जयंती पर शासकीय अवकाश होने के कारण विशेष मेडिकल बोर्ड का आयोजन 4 नवम्बर मंगलवार को प्रातः 10 बजे से आयोजित होगा। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक ने मेडिकल बोर्ड क्रे सभी सदस्यों को निर्धारित तिथि एवं समय अनुसार बोर्ड का सुचारु संचालन सम्पादित करने कहा है।

### गुरुनानक जयंती पर सिख समाज ने निकाली प्रभात फेरी



**सिमगा**। सिख धर्म के संस्थापक धन-धन श्री गुरुनानक देव का प्रकाश पर्व इस वर्ष भी गुरुद्वारा नानक दरबार सिमगा में श्रद्धा, उल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा। युवा सिख संगठन के सुखबीर सिंह भाटिया ने बताया कि कार्यक्रमों की शुरुआत 4 नवंबर की सुबह 4.30 बजे प्रभात फेरी से होगी। उसी दिन शाम 5 बजे निशान साहिब को नया चोला चढ़ाया जाएगा। संध्या दीवान में रहिरास साहिब के पाठ के उपरांत बच्चों द्वारा कवि दरबार और स्त्री सत्संग द्वारा कीर्तन गायन प्रस्तुत किया जाएगा। दूसरे दिन 5 नवंबर को सुबह 10 बजे सहज पाठ की समाप्ति उपरांत प्रसिद्ध रागी जत्थे भाई सुमीत सिंह एवं भाई संदीप सिंह (ऊना वाले) द्वारा कीर्तन एवं गुरु विचार प्रस्तुत कर संगत को निहाल किया जाएगा। इसके पश्चात गुरु का अटूट लंगर वरतेगा। शाम के दीवान में रागी सिंघों द्वारा कीर्तन गायन किया जाएगा, जिसके बाद लंगर और गुरुद्वारा परिसर में आतिशबाज़ी से वातावरण भक्तिमय हो उठेगा।

### जिपं अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री का किया स्वागत



**खरोरा**। नवा रायपुर राज्योत्सव कार्यक्रम स्थल पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का रायपुर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने आत्मीय स्वागत किया। राज्योत्सव पर छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री का ऐतिहासिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में नरेंद्र मोदी के आगमन पर प्रदेश की राजनीति में उत्साह चरम पर नजर आया। नवीन अग्रवाल ने मोदी का आत्मीय स्वागत किया।

### मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण आज से




**बलौदाबाजार**। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में सहभागिता एवं सहयोग हेतु जिले के मतदाताओं से अपील की है। जिला निर्वाचन अधिकारी सोनी ने अपील में कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है, जिसमें 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक जिले के 1014 बूथ लेवल अधिकारी द्वारा घर-घर सर्वे के दौरान गणना पत्रक का वितरण एवं भरे हुए गणना पत्रक कलेक्शन का कार्य किया जाएगा। मतदाता ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से भी अपना गणना प्रपत्र भर सकते हैं। गणना प्रपत्र के आधार पर प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन 9 दिसम्बर को किया जाएगा।

# सामुदायिक सेवा के माध्यम समाज सेवा के लिए प्रेरित करती है रासेयो

## कंजी में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जागरूकता शिविर का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत प्रधान जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार के निर्देशन में सचिव अमिता जायसवाल जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा ग्राम कंजी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

सचिव द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय सेवा योजना में उपस्थित प्रतिभागियों एवं जनसामान्य के समक्ष विधिक सेवा पर व्याख्यान दिये जाने का अवसर राष्ट्रीय सेवा योजना के आयोजकों द्वारा दिया गया, जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यप्रणाली के संबंध में बताया गया। प्रतिभागियों को मूल कर्तव्य के पालन के लिये प्रेरित किया गया। उन्हें इसके लिए जागरूक किया गया कि पहले मूल कर्तव्यों का पालन करें। बिना मूल कर्तव्यों के पालन के अधिकार फलीभूत नहीं होते है।

उपस्थित प्रतिभागी एवं जनसामान्य को नेशनल लोक अदालत, मध्यस्थता एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के महत्व से अवगत कराया गया। साथ ही उन्हें कानूनी जानकारी जैसे- लैंगिक उत्पीड़न, साइबर काईग टोनही प्रताड़ना, बाल विवाह, मोटस्थान अधिनियम आदि की जानकारी दी गई। प्रतिभागियों द्वारा शिविर में सक्रिय सहभागिता ली गई एवं अपने प्रश्न व जिज्ञासा ▶▶ शेष पेज 13 पर



### मोटरयान अधिनियम दी जानकारी

यह बताया गया कि राष्ट्रीय सेवा योजना सामुदायिक सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व और चरित्र विकसित करने के साथ साथ-सेवा के माध्यम से शिक्षा के सिद्धांत पर समाज की सेवा करने का अवसर प्रदान करती है, जिससे ये नेतृत्व गुण और सामाजिक जिम्मेदारी भी सिखाते हैं। संविधान के अनुच्छेद 39 ए के अंतर्गत निःशुल्क कानूनी सहायता की व्यवस्था की गई है, जिसके तारतम्य में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 पारित किया गया। उपस्थित प्रतिभागी एवं जनसामान्य को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं तालुका विधिक सेवा समिति के कार्यप्रणाली के विषय में बताया गया। शिविर में यह भी जानकारी दी गई कि विधिक सेवा के हकदार कौन-कौन है और किस प्रकार विधिक सहायता प्रदान की जाती है।

## विभिन्न योजना के हितग्राहियों को सामग्री वितरण एवं उपलब्धियों पर पंचायतें हुईं सम्मानित

# जिले में राज्योत्सव का जश्न कलाकार दे रहे आकर्षक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ रजत जयंती पर जिला स्तरीय राज्योत्सव का शुभारम्भ रविवार को पं. चक्रपाणी शुक्ल शासकीय हाई स्कूल मैदान में हुआ। समारोह के अध्यक्ष राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, अति विशिष्ट अतिथि जिले के प्रभारी एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सहित विशिष्ट अतिथियों ने विधिवत शुभारम्भ किया। राज्योत्सव में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल विवाह मुक्त 225 एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी मुक्त 60 पंचायतों के सरपंच-सचिव को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही समाज कल्याण विभाग द्वारा 86 बुजुर्गों व दिव्यांगों को ट्राइसिकल वितरण, हम होंगे कामयाब अंतर्गत 72 युवाओं को प्रशस्ति पत्र, आदिवासी विकास विभाग द्वारा 4343 छात्रों को 2 करोड़ से अधिक राशि का छात्रवृत्ति वितरण, स्वामितत्त्व योजना अंतर्गत 18200 किसानों को स्वामित्व कार्ड का वितरण किया गया।

अति विशिष्ट अतिथि प्रभारी मंत्री जायसवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर हैं। पूरे विश्व में निवेश का केन्द्र बन रहा है। ▶▶ शेष पेज 13 पर



### कठपुतली एवं नाट्य कला मंच की आकर्षक प्रस्तुति

राज्योत्सव के शुभारम्भ अवसर पर सांस्कृतिक संध्या में ख्यातिलब्ध कलाकारों क्रे मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों मन्त्रमुग्ध किया। रंग सरोवर के भूपेन्द्र साहू एवं साथी द्वारा छत्तीसगढ़ की पुरातन व पारंपरिक शैलियों की झलकियां प्रस्तुत किया गया। इसीतरह श्री राधारानी पण्डवानी पार्टी डमरू, बलौदाबाजार क्रे श्री फिरतराम साहू एवं साथी, सुर ओ चंदम आर्टिस्ट बैंड ग्रुप बलौदाबाजार द्वारा लाइव म्युजिक कॉन्सर्ट तथा बिलासपुर की किरण मोइत्रा एवं साथी द्वारा कठपुतली एवं नाट्य कला मंच की प्रस्तुति दी गई।

### 20 विभागों ने विकास पर लगाई प्रदर्शनी

अतिथियों ने विभागीय उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं क्रे तहत हितग्राहियों को सामग्री एवं प्रशस्ति पत्र भी दिया गया। विभागीय प्रदर्शनी पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व विभाग, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, उद्योग, कृषि, उद्यानिकी, मछली पालन, पशु पालन, स्वास्थ्य सहित करीब 20 विभागों द्वारा आकर्षक प्रदर्शनी लगाए गए हैं।

### छत्तीसगढ़ में खुशहाली व समृद्धि दिखाई दे रही

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि जिले में तीन दिवसीय राज्योत्सव का शुभारम्भ हुआ है। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी ने जिस छत्तीसगढ़ का निर्माण किया आज छत्तीसगढ़ का रजत जयंती मना रहे हैं। हमारी सरकार क्रे विकास कार्यो से आज छत्तीसगढ़ में खुशहाली व समृद्धि दिखाई दें रहा हैं। कार्यक्रम को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने भी सम्बोधित किया। कलेक्टर दीपक सोनी ने स्वागत प्रतिवेदन में जिला स्तरीय राज्योत्स्व एवं जिले की प्रगति का उल्लेख करते हुए जिले क्रे विकास क्रे लिये जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

# कॉलेज में हुआ हम होंगे कामयाब कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में मिनीमाता महाविद्यालय में नई दिशा अभियान एवं हम होंगे कामयाब कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि पुष्पराज वर्मा द्वारा युवाओं को साइबर जागरूकता एवं धोखाधड़ी से संबंधित जानकारी, परामर्श तथा बचाव के उपायों के बारे में बताया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा नई दिशा अभियान के अंतर्गत नशा मुक्त भारत अभियान में नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई एवं नशामुक्ति शपथ दिलाई गई। इस दौरान सभी ने नशामुक्त भारत अभियान के क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन शपथ लेकर सर्टिफिकेट प्रदान किया। हम होंगे कामयाब कार्यक्रम के अंतर्गत कैरियर मार्गदर्शन कौशल विकास तथा रोजगार से संबंधित जानकारी दी ▶▶ शेष पेज 13 पर

- छात्रों को साइबर जागरूकता एवं धोखाधड़ी से बचने दी गई जानकारी

## समापन आज, सांस्कृतिक कार्यक्रम में पायल साहू एवं साथी आज जमाएंगे रंग

**बलौदाबाजार**। जिला स्तरीय राज्योत्सव के समापन समारोह में मंगलवार को सांस्कृतिक संध्या में कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा। इसमें मशहूर कलाकार शामिल होंगे। 4 नवम्बर को सायं 6 बजे से चिन्हारी लोक मंजीरा छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक लोक कला मंच सुश्री पायल साहू एवं साथी रंग जमाएंगे। इसके साथ ही सुर ओ चंदम आर्टिस्ट बैंड ग्रुप बलौदाबाजार लाइव म्युजिक कॉन्सर्ट ,कठपुतली एवं नाट्य कला मंच बिलासपुर की प्रस्तुति होगी। इसके साथ ही स्कूली विद्यार्थियों द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुत दी जायेगी।

# वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान में कांग्रेस ने एकत्रित किए 15 हजार फार्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर चलाए जा रहे वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान के तहत भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस दौरान लगभग 15 हजार हस्ताक्षरित फार्म एकत्र किए गए।

इन फार्मों को विधायक इन्द्र साव द्वारा प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के माध्यम से दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय भेजा जा रहा है। अपने विधानसभा क्षेत्र सिमगा में अभियान वाहन को रोककर विधायक साव ने लगभग 15 हजार फार्म स्वयं सौंपे। इस अवसर पर विधायक इन्द्र साव ने कहा कि राहुल गांधी ने देश में हुई वोट चोरी का सच सामने लाकर लोकतंत्र की ▶▶ शेष पेज 13 पर



### एग्रीस्टेक पंजीयन की समय सीमा बढ़ी



**बलौदाबाजार**। भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष द्वारिका वर्मा ने किसानों के एग्रीस्टेक पंजीयन की समय सीमा बढ़ाने के लिए किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर की पहल पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष द्वारिका वर्मा ने कहा कि एग्रीस्टेक पंजीयन में आ रही तकनिकी त्रुटि के कारण पूर्व में निर्धारित तिथि 31 अक्टूबर तय किया गया था। इस कालखंड में अधिकाश ▶▶ शेष पेज 13 पर

# मृत चीतल को दफनाने में बरती लापरवाही, दो वनकर्मी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

मृत चीतल को दफ़नाने क्रे पूर्व निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं करने पर वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील ने सख्त कार्रवाई करते हुए दो लापरवाह वनकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जानकारी क्रे अनुसार 23 अक्टूबर को बलौदाबाजार वनमण्डल के अर्जुनी परिक्षेत्र अंतर्गत दक्षिण महराजी परिसर में एक मादा चीतल वन्यप्राणी को वनरक्षक द्वारा बिना उच्च अधिकारियों को सूचित किए तथा बिना पोस्टमार्टम कराए मृत वन्यप्राणी ▶▶ शेष पेज 13 पर

### विस्तृत जांच के आदेश

घटना की जानकारी प्राप्त होते ही वनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार द्वारा तत्काल संज्ञान लेकर वनरक्षक राजेश्वर वर्मा एवं नरोत्तम पैंकरा को कर्तव्य की उपेक्षा एवं अनुशासनहीनता के लिए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही, घटना की विस्तृत जांच के लिए उपवनमण्डल अधिकारी कसडोल को निर्देशित किया है। वनमंडल अधिकारी द्वारा क्षेत्रीय अमले को यह निर्देश भी जारी किए गए हैं कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए नियमित निगरानी, त्वरित सूचना आदान-प्रदान एवं रिपोर्टिंग प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ किया जाए। साथ ही सभी परिक्षेत्रों में वन्यजीव गश्ती दलों की जिम्मेदारी और सतर्कता बढ़ाने हेतु भी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

## मंत्री सहित जनप्रतिनिधियों ने किया अवलोकन व खिंचवाई सामूहिक फोटो

# छायाचित्र प्रदर्शनी में झलक रही छग विकास की गाथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ रजत जयंती राज्योत्सव का तीन दिवसीय जिला स्तरीय राज्योत्सव का आयोजन 2 से 4 नवंबर तक पं. चकरपाणी शुक्ल शासकीय हाई स्कूल मैदान में किया जा रहा हैं।

इस अवसर पर जनसम्पर्क विभाग द्वारा 25 वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित आकर्षक छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई गई हैं। राज्योत्सव में आने वाले लोग छायाचित्र प्रदर्शनी की ओर बरबस ही खींचे चले आते हैं और शौक से फोटो भी खिंचवाते हैं। राज्योत्सव के शुभारम्भ अवसर पर जिले के प्रभारी व स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं सामूहिक फोटो भी खिंचवाई।

छायाचित्र प्रदर्शनी में 25 वर्ष की प्रगति को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया हैं, जिसमें किसानों का सम्मान, ऊर्जा आत्मनिर्भरता, महिला सशक्तिकरण, आवास और सामाजिक सुरक्षा, सुगम आवागन, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, उद्योग, मोदी की गारंटी अंतर्गत 18 लाख पीएम आवास की स्वीकृति, कृषक उन्नति योजना, रिक्त शासकीय पदों पर भर्ती, शक्तिपीठ परियोजना, तेन्दूपत्ता पारिश्रमिक दर वृद्धि, प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, नई रेल लाईन, ई-बस सेवा आदि शामिल हैं। इसके साथ ही विभाग द्वारा प्रकाशित जानकारी से भरपूर पत्रिका, ब्रोशर, पम्पलेट का भी वितरण लोगों को किया जा रहा है। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, डॉ. सनम जांगड़े सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



# पुन्नी मेले में सुरक्षा के लिए जिपं सभापति ने एसपी को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

जिला पंचायत सभापति राजा जायसवाल द्वारा जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 5 के ग्राम सेमरिया घाट में होने वाले पुन्नी मेला के सन्दर्भ में पुलिस अधीक्षक बलौदा बाजार से मिल कर मेले में पर्याप्त सुरक्षा, पुलिस बल की तैनाती एवं एनडीआरएफ की टीम की तैनाती के लिए ज्ञापन सौंपा, जिससे मेले में आने वाले दर्शनर्थियों को कोई असुविधा न हो एवं उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके, सेमरियघाट का मेला पूरे जिले में होने वाला अद्वितीय आयोजन है एवं सभी की आस्था का केंद्र है। इस मौके पर भाजपा महामंत्री खुमान सिंह वर्मा, सुरेश वर्मा, अभिषेष शर्मा व प्रमोद निषाद पूर्व सरपंच सेमरियघाट मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### युवा विमर्श कार्यक्रम में 150 विद्यार्थी हुए शामिल

**रायपुर।** विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा रायपुर द्वारा पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में "युवा विमर्श" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 150 विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष हनुमंत राव ने "युवा- तू ही भारत का भविष्य" विषय पर प्रेरणादायक व्याख्यान दिया। उन्होंने आत्मसम्मान, आत्मविश्वास और आत्मविकास के महत्व पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि विवेकानंद केंद्र एक आध्यात्म-प्रेरित सेवा संगठन है, जो "मनुष्य निर्माण से राष्ट्र पुनरुत्थान" के उद्देश्य से समाज में कार्य कर रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं में स्वामी विवेकानंद के संदेशों द्वारा राष्ट्रचेतना, आत्मविश्वास और देशभक्ति की भावना का संचार किया गया। विवेकानंद केंद्र रायपुर के नगर संचालक चेतन तारवानी ने बताया कि कार्यक्रम में प्रो. डॉ. राजीव चौधरी, प्रो. सोनकर का विशेष योगदान रहा।

### मांगों को लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन

**रायपुर।** विगत दिनों छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन ने मोदी की गारंटी को लागू करने की मांग को लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। इस संबंध में प्रांतीय महामंत्री उमेश मुदलियार और जिला अध्यक्ष पंकज नायक ने जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा चुनाव 2023 के घोषणा पत्र में की गई मोदी की गारंटी के तहत कर्मचारियों एवं पेंशनर्स से किए गए वादों को शिघ्र लागू किए जाने को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान विजय झा, बीपी कुरील, राजेन्द्र उमाठे, प्यारेलाल सेन, यशवंत भोंसले, केएन शर्मा, मानक लाल पाण्डेय, विमल कुंडू, विश्वनाथ ध्रुव, राजू मुदलियार, बीआर अहीर, लक्ष्मण प्रसाद पनका, वायआर सोनी, मोहम्मद रियाज, जीपी अग्रवाल, सीएल दुबे, बीएल देवांगन, भारत भूषण शर्मा, जीएस यादव, वीरेन्द्र कुमार शर्मा सहित समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### ध्यान साधना-सत्संग शिविर का समापन

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के आदर्शनगर मोवा स्थित सतनाम धर्मशाला में तीन दिवसीय सतनाम ध्यान साधना एवं सत्संग शिविर कार्यक्रम विगत दिनों संपन्न हुआ। इस शिविर कार्यक्रम के संचालक एवं गुरु उत्तमलाल महिलांग ने बताया कि तीन दिवसीय शिविर में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। इस शिविर में गुरुओं के सानिध्य में लोग तीन दिन तक सत्संग तथा ध्यान साधना में डूबे रहे हैं। इस दौरान सुबह ध्यान साधना, दोपहर एवं शाम को सत्संग के आयोजन हुए। गुरु मन्नूलाल चतुर्वेदी ने सत्संग कार्यक्रम में प्रवचन देते हुए कहा कि सत्य ही मानव का आभूषण होता है। यह आभूषण हर व्यक्ति को धारण करना चाहिए।

### अछरीडीह में रुद्राभिषेक एवं भंडारा कल

**बिरकोनी।** ग्राम अछरीडीह के कोडार नदी किनारे स्थित मनोकामनेश्वर महादेव मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा पर्व पर एक दिवसीय रुद्राभिषेक एवम भंडारा का आयोजन रखा गया हैं। 5 नवंबर को प्रातः 10 बजे पंडित सुनील तिवारी द्वारा विधि विधान से रुद्राभिषेक से शुभारंभ किया जाएगा। श्रद्धालुओं द्वारा ओम नमः शिवाय व हरहर महादेव के जयकारे करते हुए नदी से जल अर्पित कर अभिषेक किया जाएगा। दोपहर 3 बजे पूजा पाठ विधि से सामुहिक जल अभिषेक किया जाएगा। महाआरती के बाद भव्य भंडारे में श्रद्धालुओं को महाप्रसादी वितरण किया जाएगा। आयोजक आकाश निषाद ने सभी भक्तों को रुद्राभिषेक और भंडारा में उपस्थित होने की अपील की है।

# नक्सल मोर्चा समेत मैदानी इलाके में अपराधियों से लोहा लेने वाले जांबाज पुलिस अफसरों को मिलेगा शौर्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के अवसर पर 14 जांबाज पुलिस अफसरों का चयन छत्तीसगढ़ शौर्य पदक के लिए किया गया है। शौर्य पदक पाने वाले जिन पुलिस अफसर, कर्मियों का चयन किया गया है, उस सूची में पहला नाम शहीद एएसपी आकाश राव गिरीपुंजे का है। जिन पुलिस अफसर कर्मियों को शौर्य पदक से सम्मानित किया जाएगा। उनमें स्व. गिरीपुंजे के अलावा एक हेड कांस्टेबल नक्सल मोर्चे से लोहा लेते सर्वोच्च बलिदान देते हुए शहीद हुए हैं। जिन पुलिस अफसर के साथ कर्मियों को छत्तीसगढ़ शौर्य पदक से सम्मानित किया जाएगा, उन सभी ने धुर नक्सल क्षेत्र नारायणपुर, बीजापुर तथा दंतेवाड़ा में तैनाती के दौरान नक्सलियों से लोहा लेते हुए उन्हें धूल चटाने का काम किया है।

## पुरस्कार पाने वालों की सूची में पहला नाम शहीद आकाश राव गिरीपुंजे का

### इन पुलिसकर्मियों को भी मिलेगा शौर्य पदक

- एएसआई गोपाल बोड्डू (बीजापुर)
- महिला आरक्षक निशा कचलाम, बस्तर फाइटर्स (नारायणपुर)
- आरक्षक विजय पुनेम, (बीजापुर)
- आरक्षक रामेश्वर ओयामी (दंतेवाड़ा)
- आरक्षक राजू लाल मरकाम, बस्तर फाइटर्स (दंतेवाड़ा)
- आरक्षक समलू राम सेठिया, बस्तर फाइटर्स (दंतेवाड़ा)
- आरक्षक दुलाराम कोवासी, बस्तर फाइटर्स (दंतेवाड़ा)
- आरक्षक मोहन लाल करटम (दंतेवाड़ा)
- आरक्षक संतोष मुरामी, बस्तर फाइटर्स (दंतेवाड़ा)
- आरक्षक मनोज यादव, बस्तर फाइटर्स (दंतेवाड़ा)
- आरक्षक जामू रामको, बस्तर फाइटर्स (दंतेवाड़ा)




### अंतिम सांस तक हथियार थामे रहे बिरेंद्र

नारायणपुर में तैनाती के दौरान हेड कांस्टेबल बिरेंद्र कुमार सोरी 3 दिसंबर 2024 को डीआरजी, बीएसएफ, पुलिस की संयुक्त टीम के साथ नारायणपुर अबूझमाड़ के जंगल में सर्चिंग के लिए निकले थे। इस दौरान टीम का नक्सलियों से आमना-सामना हो गया। दोनों तरफ से फायरिंग के दौरान बिरेंद्र ने अपनी टीम को कवर देते हुए नक्सलियों पर जबरदस्त फायरिंग की। गोलीबारी में बिरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। बावजूद इसके अपनी जान की परवाह किए बगैर दमदारी से लोहा लेते हुए कई नक्सलियों को ढेर किया। बिरेंद्र अंतिम सांस तक हथियार थामे रहे।

### नक्सली बंद को नाकाम करने निकले थे गिरीपुंजे

वर्ष 2013 बैच के पुलिस अफसर आकाश राव गिरीपुंजे कोंटा में बतौर एएसपी पदस्थ थे। नक्सलियों द्वारा बंद कॉल कराए जाने की जानकारी मिलने पर श्री गिरीपुंजे जवानों के साथ 10 जून को पैदल गश्त पर निकले। कोंटा-एर्राबोर मार्ग पर डोंड्रा गांव के करीब पहुंचे, तभी प्रेशर बम में हुए विस्फोट की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल में उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

सम्मान पाने वाले ज्यादातर पुलिसकर्मियों ने आमने-सामने की लड़ाई में नक्सलियों को ढेर किया है। साथ ही नक्सलियों को बड़ी घटना को अंजाम देने से रोका है। इसी वजह से पुलिसकर्मियों के साथ अफसरों को छत्तीसगढ़ शौर्य पदक से सम्मानित किया जा रहा है।

## पर्व : गुरुबाणी का पाठ एवं शब्द कीर्तन करते हुए नगर का भ्रमण

# गुरुनानक जयंती पर सिक्ख समाज ने निकाली प्रभात फेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



आगामी 5 नवम्बर को मनाई जाने वाली श्री गुरुनानक देवजी की जयंती के शुभ अवसर पर नगर के सिक्ख समाज द्वारा भक्ति और श्रद्धा से ओतप्रोत तैयारियां जोरों पर हैं। इसी कड़ी में समाज के द्वारा प्रतिदिन प्रातःकाल प्रभात फेरी निकाली जा रही है, जिसमें नगर की सड़कों पर वाहे गुरु जी का खालसा, वाहे गुरु जी की फतेह के जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो उठता है।

यह प्रभात फेरी सदर रोड गुरुद्वारा साहिब से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर पुनः गुरुद्वारा में समाप्त होती है। प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में सिक्ख श्रद्धालु पुरुष, महिलाएं, युवा एवं बच्चे शामिल हो रहे हैं। सभी सिर पर रुमाल पगड़ी धारण कर गुरुबाणी का पाठ एवं शब्द कीर्तन करते हुए नगर में भ्रमण करते हैं। इससे नगर में भक्ति और एकता का विशेष माहौल निर्मित हो रहा है।

सिक्ख समाज के अध्यक्ष सरदार इंदर सिंह सलूजा ने बताया कि यह प्रभात फेरी गुरु पर्व तक प्रतिदिन निकाली जाएगी। गुरुनानक देव जी की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने और सद्भावना, सेवा तथा सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश देने हेतु यह आयोजन किया जा रहा है। गुरुनानक जयंती के दिन नगर में विशेष नगर कीर्तन, भंडारा और कीर्तन दरबार का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

इस प्रभात फेरी मे सरदार बलविंदर सिंह पनेसर, गुरचरण सिंह चावला, संतोष सिंह चावला, मंजीत सिंह चावला, पप्पू सलूजा, हर्ष चावला, जिमी सलूजा, रवि चावला, रोमी चावला, अंशु गंभीर, प्रिंस चावला, शब्द चावला, श्लोक चावला, सेवक सलूजा, राजू सलूजा, सत्या सलूजा सहित बड़ी संख्या मे सिक्ख समाज के श्रद्धालु प्रतिदिन अपनी सेवा दे रहे हैं।

# खैरखटा में सरदार पटेल की जयंती मनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भारत माता सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती का आयोजन प्राथमिक शाला खैरखटा में किया गया।

इस अवसर पर बच्चों को फल, मिठाई व शैक्षणिक सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में ट्रस्ट के अध्यक्ष टेसूलाल धुरंधर ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन हम सबके लिए आज भी प्रासंगिक है। उनके आदर्शों पर चलकर हम भारत को सशक्त, समर्थ, स्वाभिमानी एवं विकसित राष्ट्र बनाने का सपना साकार कर सकते हैं। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत मगरचबा के सरपंच राकेश ध्रुव, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष किरण तिवारी, सीएसी अमरदास डहरिया, प्रधानपाठक उषादेवी धुरंधर, शिक्षक होमेश्वरी वर्मा, मानसेवी शिक्षक दुलेश्वर वर्मा, सहित ट्रस्ट की ओर से कार्यक्रम संयोजक नीरज परगनिहा, जिला पंचायत सदस्य कु.इंदु जांगड़े, प्रदीप कुर्रे, शीला वर्मा, धनंजय साहू, डमरूधर वर्मा, विनय गुप्ता, बंशीलाल वर्मा, गुलशन वर्मा, गौरव सेन, टिकेश वर्मा, हेतराम साहू, ललित यादव, रोहित वर्मा, तुकेश ध्रुव, लाला वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व सफाई कर्मी, रसोईया तथा शाला में अध्ययनरत विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन ट्रस्ट की ओर से डॉ राधेश्याम पटेल द्वारा किया गया।

# नपा अध्यक्ष ने ओपन जिम का किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर के समीप भाटापारा मार्ग पर स्थित मंगलम कॉलोनी में नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन द्वारा ओपन जिम का शुभारंभ किया गया।

इस दौरान अशोक जैन, पूर्व मंडी सचिव एवं भाजपा नेता योगेश अग्रवाल, रवि साहू का पुष्प गुच्छ भेंट कर कॉलोनी वासियों ने अभिनंदन किया। नपा अध्यक्ष ने कहा कि कॉलोनीवासियों की जो अन्य मांग है उस पर भी पूरा ध्यान दिया जाएगा। इसी के साथ ही बेहतर स्वास्थ्य के लिए यह ओपन जिम से सभी लोगों को स्वास्थ्य संबंधी लाभ मिलेगा व समय-समय पर यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विचारों से आपसी समन्वय के लिए यह स्थान उपयुक्त है, जहां सभी एक साथ एकत्रित होते हैं व मिलने वाले सहयोग के लिए आभार भी व्यक्त किया।

इस अवसर पर मंगलम कॉलोनी फेस वन के अध्यक्ष मंगेश ध्रुव, रामस्वरूप वर्मा, जय साहू, जीतांशु प्रसन्न वर्मा, चित्रसेन निराला, प्रधान पाठक देवेंद्र कुमार वर्मा, शिक्षिका एहुति वर्मा, रामकृष्ण साहू, उमेश सिंह पैकरा, गुरुदत्त तिवारी, सहित मंगलम कॉलोनी के अन्य महिला एवं पुरुष वर्ग उपस्थित थे।

# बिचौलियों के चक्कर में अटका फार्मासिस्ट का पंजीयन, जांच में मिली अनियमितता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

फार्मेसी काउंसिल में पंजीयन की खातिर बिचौलियों के चक्कर में फंसे फार्मासिस्ट का पंजीयन अटक गया। शिकायतों की जांच हुई तो पेश दस्तावेज में अनियमितता मिली, जिस पर उससे स्पष्टीकरण मांगा गया है। मामले की जांच फार्मेसी काउंसिल के अलावा गठित टीम भी कर रही है। इधर यह भी संदेह जताया गया है कि फार्मेसी पंजीयन के लिए इस तरह की और भी गड़बड़ी हो सकती है।

■ फार्मेसी काउंसिल के अलावा पृथक टीम भी कर रही परीक्षण

अभिषेक चंदा उन बिचौलियों के चंगुल में आ गया, जो पैसे लेकर फार्मेसी काउंसिल में फर्जी तरीके से रजिस्ट्रेशन करते हैं। आरोप लगाया गया है कि मामला सामने आने के बाद स्टेट फार्मेसी काउंसिल ने बिना निष्पक्ष जांच के अभिषेक का पंजीयन रद्द कर दिया।

इसकी वजह से छात्र का भविष्य अंधकार में चला गया। मामले में काउंसिल की कार्रवाई पर सवाल उठाया गया है कि इस मामले में दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की जाएगी।

### पंजीयन रद्द नहीं, होल्ड किया

*स्टेट फार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार अश्वनी गुर्देकर ने बताया कि मामले की जांच के दौरान दस्तावेज में प्रार्थी की उपस्थिति ट्रेनिंग के दौरान भोपाल और बिलासपुर में एक ही दिन दिखाई गई है। दस्तावेज जमा करने की जो तारीख है, वह रविवार है। इस मामले में प्रार्थी से स्पष्टीकरण मांगा गया है और तब तक के लिए पंजीयन होल्ड किया गया है।*

# वार्षिक वेतन वृद्धि के लिए सहकारी बैंक कर्मचारियों का आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कर्मचारियों का पांच वर्षों से लंबित देय वार्षिक वेतन वृद्धि के लिए आंदोलन जारी हैं। रायपुर सहकारी बैंक कर्मचारियों द्वारा सोमवार को क्रमबद्ध हड़ताल के दूसरे चरण में सहकारिता विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि वार्षिक वेतन वृद्धि पर हाईकोर्ट का स्पष्ट निर्णय के बावजूद सहकारिता विभाग का जो रवैया है उससे क्षुब्ध होकर रायपुर बैंक अंतर्गत 6 जिलों के 73 शाखाओं के 700 कर्मचारियों ने 29 अक्टूबर से हड़ताल की घोषणा किये हैं। 3 नवंबर को समस्त 73 शाखाओं में कर्मचारियों ने 10.30 से 11.30 बजे तक निरंतर एक घंटा शाखाओं के सामने नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया, जिसे किसान और अमानतदारों ने भी नैतिक समर्थन देकर कर्मचारियों का हौसला बढ़ाया।

कर्मचारी संघ अध्यक्ष मोहनलाल साहू, याचिकाकर्ता देवेंद्र पांडे, विधान तिवारी, युवराज दुबे, अविनाश शर्मा, मनोज दिवाकर सहित सभी सहकारी बैंक कर्मचारी संघ पदाधिकारियों ने संयुक्त बयान जारी कर सरकार को बताया कि कर्मचारियों को जो वार्षिक वेतन वृद्धि मिलना है, उससे शासकीय खजाने पर कोई अतिरिक्त भार नहीं पड़ना है, बैंक के अर्जित लाभ से ही कर्मचारियों को वेतन वृद्धि मिलना है फिर भी लाभ से हम वंचित हैं जिससे हड़ताल का मामला बना है, यदि कर्मचारियों की मांग समय में पूरा नहीं होगी तो निश्चित ही आगामी समय में शासन प्रशासन में हड़कंप मच जायेगा। छत्तीसगढ़ सरकार का अति महत्वपूर्ण कार्य धान खरीदी का भुगतान बैंक के माध्यम से होना है। यदि 73 शाखाओं के बैंक कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे तो शासन की छवि धूमिल होगा और सभी तरफ से समस्या बड़ी गंभीर रूप ले लेगी। संघ के ओर से निरंतर राजनैतिक और सामाजिक जनों से भी समर्थन लिया जा रहा है, जिसमें कर्मचारियों के पक्ष में ही समर्थन मिलने से सरकार दबाव में है। साथ ही साथ किसान संगठन भी बैंक कर्मचारी परिवार के प्रति सहानुभूति पूर्वक सहयोग कर रही है।

# जिले के 93220 श्रमिकों को 81 करोड़ से अधिक की राशि वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा श्रमिकों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। श्रम विभाग की योजनाओं के तहत बलौदाबाजार - भाटापारा जिले के 93,220 श्रमिकों को 81 करोड़ 67 से अधिक की राशि वितरित की गई है। यह राशि भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल और छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार मण्डल द्वारा संचालित योजनाओं के माध्यम से दी गई है। इसमें भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा संचालित योजनाओं में 91468 श्रमिकों को 78 करोड़ 55 लाख तथा छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार मण्डल अंतर्गत संचालित योजनाओं में 1752 श्रमिकों को 3 करोड़ 12 लाख रुपये शामिल हैं। कि मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक निःशुल्क कार्ड योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 हेतु 14000 श्रमिकों का पंजीयन का लक्ष्य निर्धारित किया गया था।

### छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार कल्याण मण्डल योजना के हितग्राही लाभान्वित

असंगठित कर्मकार मण्डल महतारी जतन योजना में 214 श्रमिकों को 42 लाख 50 हजार, असंगठित कर्मकार मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना में 230 श्रमिकों को 2 करोड़ 29 लाख, असंगठित्त कर्मकारों के बच्चे हेतु छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत 342 बच्चों को 3 लाख 77 हजार, ठेका श्रमिक, घरेलु महिला कामगार एवं हेमाल श्रमिक प्रसूति सहायता योजना अंतर्गत 117 श्रमिकों को 22 लाख 90 हजार, ठेका श्रमिक, घरेलू महिला कामगार एवं हमाल श्रमिक के बच्चो हेतु छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत 640 हितग्राहियों को 6 लाख, सफाई कर्मचारी के बच्चे हेतु छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत 192 हितग्राही को 4 लाख, सफाई कर्मकार प्रसूति सहायता योजना अंतर्गत 17 श्रमिकों को 3 लाख 25 हजार वितरित किया गया है।

**छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा संचालित योजना :** गंभीर बीमारी हेतु चिकित्सा सहायता योजना में 6 श्रमिकों को 2 लाख 70 हजार, दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना में 2 श्रमिकों को 2 लाख, निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु निःशुल्क गणवेश एवं पुस्तक कॉपी, हेतु सहायता राशी योजना अंतर्गत 1844 बच्चों को 25 लाख 11 हजार रुपये, मिनीमाता कन्या विवाह योजना में 13749 श्रमिकों को 22 करोड़ 60 लाख, मिनीमाता महतारी जतन योजना में 15185 श्रमिकों को 12 करोड़ 46 लाख, मुख्यमंत्री निर्माण मजदूर सुरक्षा उपकरण सहायता योजना में 1845 श्रमिकों को 27 लाख 67 हजार, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना 11 श्रमिकों को 11 लाख, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक दीर्घायु सहायता योजना में 6 श्रमिकों को 1 लाख 18 हजार,मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना में 1840 श्रमिकों को 18 करोड़ 40 लाख, मुख्यमंत्री नौनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना में 5576 श्रमिकों को 1 करोड़ 82 लाख, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना में 5067 श्रमिकों को 10 करोड़ 13 लाख, मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना में 16238 श्रमिकों को 2 करोड़ 39 लाख, विश्वकर्मा दुर्घटना मृत्यु पर अंत्येष्टि सहायता एवं अनुग्रह राशि भुगतान योजना में 2720 श्रमिकों को 7 करोड़ 73 लाख 20 हजार वितरित किया गया है।

## श्री रामकथा की दी आकर्षक प्रस्तुति

# नवधा रामायण में मानस मंडली प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल



ग्राम पंचायत भद्रा जुनाडीह में चल रही अखंड नवधा रामायण प्रतियोगिता का समापन भव्य हवन-पूजन एवं सहस्त्रधारा के साथ सोमवार को हुआ। इस अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का माहौल पूरे ग्राम में छाया रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहस्त्रधारा में डुबकी लगाकर भगवान श्रीराम के जयघोष के साथ भागीदारी निभाई।

कार्यक्रम के दौरान भगवान श्रीराम की कथा एवं भक्ति संगीत की धारा बहती रही। दूर-दराज से आए मानस मंडलियों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। संध्या की महाआरती में ग्रामवासी भावविभोर होकर सम्मिलित हुए।

प्रतियोगिता में फिल्मी संगीत श्रेणी में भारती मानस मंडली नवागढ़ ने प्रथम स्थान, लोक संगीत में शिवम मानस मंडली करमदा प्रथम तथा सुगम संगीत में कोयलदास मानिकपुरी टेमरी प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुख्य यजमान लेखराम कश्यप एवं रोहणी कश्यप रहे। महिलाओं और युवतियों ने कलश यात्रा में भाग लेकर कथा स्थल तक जल लेकर पहुंचीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा मंडल कटगी के महामंत्री एवं पूर्व सरपंच अटल संतराम वर्मा द्वारा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए।

फिल्मी, लोक और सुगम संगीत श्रेणी में क्रमशः प्रथम पुरस्कार 5000, द्वितीय 4000, तृतीय 3000, चतुर्थ 2500 और पंचम 2000 रुपये के पुरस्कार दिए गए। साथ ही श्रेष्ठ टीकाकार और तबला वादक को 1000-1000 तथा श्रेष्ठ वेशभूषा के लिए 1500 का पुरस्कार प्रदान किया गया।

आयोजन समिति में अध्यक्ष पुनीराम कर्ष, उपाध्यक्ष मनोज कुमार कश्यप, सचिव गणेश कश्यप एवं कोषाध्यक्ष हरप्रसाद कश्यप सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी



सक्रिय रहे। प्रतियोगिता का समापन 3 नवंबर को सहस्त्रधारा एवं हवन के साथ किया गया।

## प्रभारी मंत्री जायसवाल ने ढाई करोड़ के वृहद पुल का किया लोकार्पण, करोड़ों के विकास कार्यों की दी सौगात

# औद्योगिक हब के रूप में विकसित हो रहा है बलौदाबाजार जिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले के प्रभारी एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने रविवार को ग्राम खटियापाटी में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में 2 करोड़ 67 लाख 91 हजार की लागत से निर्मित वृहद पुल का लोकार्पण एवं 20 लाख की लागत से बनने वाले बाउंड्रीवाल का भूमिपूजन किया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत विकासखण्ड बलौदाबाजार के बिटकुली, खटियापाटी, सुढेला, जुड़ा मार्ग के आरडी-2600 मीटर पर मल्लीन नाला में निर्मित 75 मीटर लंबी वृहद पुल के बन जाने से खटियापाटी, सुढ़ेला, पैजनी, जुड़ा, बरदा एवं चिचिरदा के ग्रामीणों को सुगम आवागमन का लाभ मिलेगा।

कार्यक्रम में मंत्री जायसवाल ने कहा कि 25 साल का नया छत्तीसगढ़ अपने नये आयाम को साबित कर रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास के पथ पर अग्रसर हैं। हर तरफ विकास की गंगा बह रही हैं। उन्होंने कहा कि बलौदाबाजार- भाटापारा जिला अनेक विभूतियों, धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का धरोहर है, वहीं खनिज सम्पदा से भरपूर है। औद्योगिक हब के रूप में विकसित हो रहा है। विकास कार्यों से आने वाले समय में जिले की तस्वीर बदलेगी।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी ने छत्तीसगढ़ का निर्माण कर हमारे जीवन में परिवर्तन लाया है। उन्होंने गांवों में शासकीय भूमि पर बढ़ते अतिक्रमण पर चिंता जाहिर करते हुए स्कूल, श्मशान घाट एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों को संरक्षित करने के लिये बाउंड्रीवाल बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम को पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, डॉ. सनम जांगड़े ने भी सम्बोधित किया।



### फाइनेंसियल लैब वित्तीय साक्षरता के लिए हैं महत्वपूर्ण पहल

**बलौदाबाजार**। वित्तीय साक्षरता बढ़ाने डिजिटल लेनदेन दक्षता एवं वित्तीय धोखाधड़ी से बचने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा नवचारी पहल के तहत जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में फाइनेसियल लैब स्थापित किया गया है। जिले के प्रभारी एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने रविवार को इस फाइनेंसियल लैब का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने अर्थशाला के विभिन्न कक्षों का अवलोकन किया एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने इस लैब को वित्तीय साक्षरता के लिये महत्वपूर्ण पहल बताया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, कलेक्टर दीपक सोनी, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, डॉ. सनम जांगड़े, डीएफओ गणवीर धम्मशील सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

जिला प्रशासन द्वारा पं. चक्रपाणी शुक्ल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में फाइनेन्सियल लैब का निर्माण किया गया है।

### करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर लगभग एक करोड़ 62 लाख रुपये के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने ग्राम खटियापाटी में तालाब सौन्दर्यीकरण हेतु 30 लाख, खटियापाटी में हायर सेकण्डरी स्कूल भवन की स्वीकृति, श्मशान घाट में बाउंड्रीवाल निर्माण हेतु 20 लाख, गोधाम सौन्दर्यीकरण हेतु 10 लाख, हायर सेकण्डरी स्कूल बिटकुली में बाउंड्रीवाल निर्माण हेतु 20 लाख, ग्राम पंचायत शुक्लाभाठा में सीसी रोड निर्माण हेतु 20 लाख, ग्राम पंचायत पनगांव, गिंदोला, सुढेला, जुडा में सीसी रोड निर्माण हेतु 10 -10 लाख, ग्राम पंचायत कोयदा, अहिल्दा, करदा में सांस्कृतिक भवन हेतु 2.5 -2.5 लाख, यादव समाज, साहु समाज एवं जनजाति समाज के सामजिक भवन हेतु 5-5 लाख देने की घोषणा की।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, कलेक्टर दीपक सोनी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहू, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, जिला पंचायत सदस्य सुश्री इंदु जांगड़े सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### जिला फाइनेंसियल लैब का उद्घाटन

इस लैब के भू-तल में बैंकिंग जमा, ऋण, ईएमआई की गणना, क्रेडिट स्कोर, स्मार्ट एंड सेफ पेमेंट, एलआईसी की जानकारी, गेम्स में बिजनेस ओ पोलो, एकटिंग एडवेंचर्स, मार्चट्स एक्सीचेंज, प्रॉफिट-लॉस, रिस्क गॉर्ड आदि मनोरंजक गेम्स हैं। इसके साथ ही लक्ष्य कक्ष, ग्रुप्स एक्टिविटीज, आईटीज लोंज, आकांक्षा कक्ष, उड़ान कक्ष है। प्रथम तल में शेयर मार्केट में ट्रेडिंग की जानकारी, कम्प्यूटर सिस्टम, लाइब्रेरी आदि की सुविधा हैं। फाइनेन्सियल लैब में वित्तीय साक्षरता बढ़ाने और डिजिटल युग में धोखाधड़ी से सुरक्षित रहने में मदद करेगी। यहां लोगों को वित्तीय साक्षरता, निवेश जोखिम, लेनदेन में सावधानी आदि की जानकारी निःशुल्क मिलेगी।



### डिजिटल लेनदेन की मिलेगी निःशुल्क जानकारी

गौरतलब है कि वित्तीय साक्षरता बढ़ाने के लिए फाइनेंशियल लैब की स्थापना एक अत्यधिक प्रभावी तरीका है। यह लोगों को व्यावहारिक और अनुभवात्मक शिक्षा प्रदान करता है। फाइनेंशियल लैब एक ऐसा समर्पित स्थान या प्लेटफॉर्म है, जो छात्रों, निवेशकों या आम जनता को वास्तविक जीवन के वित्तीय परिदृश्यों और उपकरणों के साथ अभ्यास करने का अवसर देता है। यह बजट बनाने, बचत करने, बीमा लेने और निवेश करने के बारे में सूचित और विचारशील निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ावा देता है। वित्तीय धोखाधड़ी की पहचान और आर्थिक नियोजन जैसे जीवन-भर काम आने वाले कौशल सीख सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### ग्रामीण अचंल में मना एकादशी पर्व

**रवान**। ग्रामीण अंचल रवान-अर्जुनी में देवउठनी त्योहार मनाया गया। बगुडवा पारा, करण पारा, भाठा, जोफरपटी में गौरी-गौरा की स्थापना कर पूजा अर्चना कर दूसरे दिन विसर्जन किया गया। बाजार चौक रवान में सुबह पारंपरिक रूप से इसे गांव गली चौक चौराहा में घुमाया गया। जहां पर लोग जगह-जगह भगवान की पूजा अर्चना किए। इसके अलावा शोटा भी लिया गया। इसके बाद तालाब विसर्जन किया गया।

### वृद्ध महिला से लूट आरोपी गिरफ्तार



बलौदाबाजार। ग्राम छेरकापुर में वृद्ध महिला पर उस्तरा से प्राणघातक हमला कर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी वृद्ध महिला को गंभीर रूप से घायल कर पहने चांदी का लच्छा को लूट कर फरार हो गया था। प्रार्थी सौरभ कुमार साहू निवासी ग्राम छेरकापुर ने रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि खेत से काम करने के पश्चात दोपहर करीबन 3.30 बजे उसके माता-पिता जब घर वापस आए तो देखे, कि प्रार्थी की दादी गीता साहू कमरे में खून से लथपथ पड़ी थी, जिसे पूछने पर उनके द्वारा बताया गया की नाई घर में आया था। नाई द्वारा उसके गला को दबाते हुए धारदार हथियार से जान से मारने की नीयत से उस पर वार कर उसे घायल कर दिया तथा पैर में पहने दो नग चांदी के लच्छा को लूट कर ले गया। रिपोर्ट पर थाना पलारी में धारा 333, 309(4),109 बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आहत गीता साहू के बयान पर ग्राम छेरकापुर निवासी 40 वर्षीय आरोपी घनश्याम सेन को पुलिस ने हिरासत में लिया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा लूट करने की नीयत से प्रार्थी की दादी पर उस्तरा से घातक वारकर गंभीर रूप से घायल करने एवं उसके द्वारा पहने गए चांदी के लच्छा को लूटकर भाग जाना स्वीकार किया। प्रकरण में आरोपी से घटना में प्रयुक्त उस्तरा को जब्त किया गया है।

### कोडार खल्लारी मंदिर में आंवला पूजा कल

**महासमुंद**। राष्ट्रीय राजमार्ग 53 स्थित जय मां खल्लारी मंदिर परिसर कोडारबांध में आंवला पूजा पर्व का आयोजन किया गया है। 5 नवंबर को सुबह 10 बजे पूजा से प्रारंभ होगी व दोपहर 12 बजे से आंवला भात प्रसादी वितरण होगा। यह आयोजन विगत 20 वर्षों से निरंतर जन सहयोग से होते आ रहा है। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करते हैं। अध्यक्ष किशोर चंद्राकर, सचिव हर्ष शर्मा, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश यादव व सभी पदाधिकारियों ने अधिक संख्या में पधारकर कर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

**न्यायालय तहसीलदार सुहेला, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्रं. ........ / ब-121 / 2025

ग्राम **मोहरा** प.ह.नं. 42

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया गया आवेदक राजेश कुमार जांगडे पिता श्री पुरूषोत्तम दास जांगड़े जाति सतनामी निवासी व ग्राम **मोहरा** प.ह.न. 42 तहसील सुहेला जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं। आवेदक की बहन चन्द्रिका का जन्म दिनांक 05/01/1984 को स्थान ग्राम **मोहरा** में हुआ हैं। उनके द्वारा भुलवश ग्राम पंचायत **मोहरा** में जन्म पंजीयन दर्ज नहीं करा पाये थे। जिसके कारण आवेदक का जन्म पंजीयन दर्ज किये जाने हेतु सचिव ग्राम पंचायत को आदेशित किये जाने का निवेदन किया हैं। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 06/11/2025 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार सुहेला**

# गिधौरी में पागल कुत्ते का आतंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

ग्राम पंचायत गिधौरी में सोमवार दोपहर में एक पागल कुत्ते ने बच्चे सहित कई ग्रामीणों को काट लिया। पागल कुत्ते के काटने से गांव में हड़कंप मचा रहा। कुत्ते के आतंक से गुस्साए ग्रामीणों ने देर शाम तक दौड़ा कर उसे मार दिया। कुत्ते के काटने से सभी घायलों को एक-एक करके प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंन्द्र बरपाली में ले जाया गया और एंटी रेबीज इंजेक्शन लगाया गया है। गिधौरी सहित दर्री एवं मडवा में भी कुत्ते के काटने की घटना सामने आयी है।



घायलों में अनमोल केवट 11 वर्ष, पुरान बाई पटेल 53 वर्ष, रेखा वर्मा 19 वर्ष, यशीका 12 वर्ष, लीसा 4 वर्ष, पुष्पेन्द्र 3 वर्ष, लीला 24 वर्ष, हिमेश 17 वर्ष, जानवी 8 वर्ष और अन्य बच्चों का नाम सामने समाचार लिखे जाने तक नहीं आया था।

# दीपक बने सतनामी समाज के जिला अध्यक्ष, सुशील को मिली सचिव की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के जिला अध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारी का निर्वाचन प्रदेश अध्यक्ष एलएल कोशले एवं प्रदेश पदाधिकारियों के निर्देश में 2 नवंबर को महंत नयन दास स्मृति स्थल बलौदाबाजार में आयोजित किया गया। इसके लिए प्रदेश कार्यालय से मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रूप में दिनेश बंजारे प्रदेश सहसचिव, सहायक निर्वाचन अधिकारी यादराम हिरवानी कार्यकारिणी सदस्य एवं निर्वाचन पर्यवेक्षक सत्येंद्र खुंटे कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे। वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सरजू प्रसाद घृतलहरे, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश लाल जांगड़े एवं प्रदेश महासचिव मोहन बंजारे, पूर्व प्रदेश महासचिव एवं वरिष्ठ कार्यकारिणी, एसआर बंजारे, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश लहरे, प्रदेश



कार्यकारिणी सदस्य गणेश प्रसाद बघेल, जिला अध्यक्ष देवेन्द्र चतुर्वेदी, रायपुर शहर उपाध्यक्ष महेंद्र साय, संरक्षक सदस्य फूलचंद घृतलहरे, सुखनंदन बघेल युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष, जगमोहन घृतलहरे प्रवक्ता युवा प्रकोष्ठ, कुमार भारद्वाज कार्यकारिणी प्रदेश युवा प्रकोष्ठ के मार्गदर्शन में चुनाव कराया गया। जिला अध्यक्ष पद के लिए 6 प्रत्याशी मैदान में थे। सचिव के लिए दो अभ्यर्थियों ने आवेदन किए। समाज के लोगों ने आपसी समन्वय बनाकर सर्वसम्मति से दीपक घृतलहरे को जिला अध्यक्ष एवं जिला सचिव सुशील बंजारे तथा उपाध्यक्ष पद पर बी एल दिवाकर, जगन्नाथ महिलांगे, डॉ. सुरेन्द्र कुमार दिब्यकार व महिला उपाध्यक्ष में महेश्वरी कुर्रे, कोषाध्यक्ष लेखराम गनहरे, सहसचिव सुरेश कुमार कोशले, प्रवक्ता महेन्द्र टण्डन, मीडिया प्रभारी सहदेव जोशी, कार्यकारिणी सदस्य देव लाल मांडले, अशोक कुमार मांडले, पीकेंद्र साय को नियुक्त किया गया। इस अवसर पर पलारी ब्लाक अध्यक्ष महेश ढीढी, बलौदाबाजार ब्लाक अध्यक्ष देवेंद्र पात्रे, कसडोल ब्लाक अध्यक्ष सी एस सांडे, लवन ब्लाक अध्यक्ष नरेंद्र डहरिया, भाटापारा ब्लाक अध्यक्ष टेकराम मिरी, बलौदाबाजार शहर अध्यक्ष देवेन्द्र बंजारे, भाटापारा के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष ओमप्रकाश रात्रे, योगेश बंजारे , डॉ मोहन बांधे के एल महिलांगे, पीके घृतलहरे, बसंत जांगड़े, महंत नयनदास महिलांग स्मृति स्थल के अध्यक्ष रोहित टंडन, युवा प्रकोष्ठ भाटापारा ब्लॉक अध्यक्ष माखन महिलांगे, बलौदाबाजार युवा प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष नितेश टंडन, विनोद चेलक, शिरीष जांगड़े, उमा अनंत, गौरी देवी, नुलेश्वरी बंजारे सहित प्रमुख लोग उपस्थित थे।

### सीतापुर में हरि कीर्तन का आयोजन, श्रद्धा और भक्ति में डूबे ग्रामीण



**बसना**। सीतापुर में रविवार को हरि कीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य मोक्ष प्रधान विशेष रूप से पहुँचे और उन्होंने भी भगवान के भजन कीर्तन में भाग लिया। ग्राम के भक्तजनों ने यशगान प्रस्तुत कर वातावरण को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। कीर्तन स्थल पर "हरि नाम संकीर्तन" के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान हो उठा। उपस्थित श्रद्धालु देर रात तक भजन, कीर्तन और आरती में लीन रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि इस प्रकार के आयोजन से समाज में आध्यात्मिकता और एकता का संदेश फैलता है।

## पेज 11 के शेष

### जिले में राज्योत्सव...

अब प्रदेश में सड़कों का जाल बिछ गया हैं, शिक्षा स्वास्थ्य के क्षेत्र में तेजी से प्रगति हुईं है। छतीसगढ़ शीघ्र नक्सलमुक्त होगा। आयुष्मान, टीबी स्क्रीनिंग में प्रदेश का पहला स्थान हैं। आज किसान के बेटा भी अच्छे स्कूलों में पढ़ रहे हैं। स्वामित्व योजना में 28 हजार स्वामित्व कार्ड बन चुके हैं। महतारी वंदन से महिला सशक्तिकरण को बल मिला है। बलौदाबाजार जिले को अग्रणी जिला बनाने सभी संकल्प लें और छतीसगढ़ को देश का विकसित राज्य बनाने में योगदान दें। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, उपाध्यक्ष पवन साहु,नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े, प्रमोद शर्मा, लक्ष्मी बघेल, महिला आयोग की सदस्य लक्ष्मी वर्मा, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, डीएफओ गणवीर धम्मशील, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, जिला अध्यक्ष आनंद यादव सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी -कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

### कॉलेज में हुआ...

गई। जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से मानसिक स्वास्थ्य के विषय में जानकारी प्रदान की गई तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से महिला सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न योजना की जानकारी दी गई।

### सामुदायिक सेवा के...

सचिव से पूछे, जिसके संबंध में उन्हें जानकारी दी। प्रतिभागियों को यह भी बताया गया कि यदि वह कहीं भी है या किसी घटना के शिकार हुये हैं तो किसी भी जिला न्यायालय में जाकर विधिक सेवा प्राधिकरण में जाकर सहायता ले सकते हैं। उपस्थित प्रतिभागियों द्वारा यह संकल्प लिया गया कि उन्हें प्राप्त जानकारी दें अपने तक ही सीमित नहीं रखेंगे, बल्कि इसका प्रचार प्रसार कर जनसामान्य को भी अवगत करायेंगे।

### मृत चीतल को...

को दफना दिया गया। परिक्षेत्र अधिकारी अर्जुनी द्वारा प्रारंभिक जांच में यह तथ्य भी सामने आया कि मृत चीतल को पहले एक स्थान पर दफनाने के बाद पुनः दूसरे स्थान पर स्थानांतरित कर दोबारा दफनाया गया था। यह संपूर्ण प्रक्रिया विभागीय नियमों, वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 एवं निर्धारित कार्यप्रणालियों के विपरीत पाई गई।

### एग्रीस्टेक पंजीयन की ...

किसान बंधु अपना पंजीयन का काम नहीं करा पाए, जिससे उन्हें धान बेचने में कठिनाई का सामना करना होता है, जिसे देखते हुये प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर के साथ प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से समय बढ़ाने निवेदन किया, जिस पर मुख्यमंत्री ने किसान हित में एक माह की अवधी बढ़ा दिये। समय बढ़ाने से प्रदेश के लाखों किसानों को अब अपना पंजीयन कराने में सुविधा होगी। जिला बलौदाबाजार भाटापारा के सभी किसानों की ओर से जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा द्वारिका वर्मा, प्रदेश पदाधिकारी ओमप्रकाश चंद्रवंशी, हेमसिंह चौहान, अमित वर्मा, पवन साहू, नरेश केशरवानी ने आभार व्यक्त किया।

### वोट चोर गद्दी ...

रक्षा का अलख जगाया है। अब जनता और कांग्रेस कार्यकर्ता इस लड़ाई में मजबूती से साथ हैं। अभियान के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखा गया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया, दामाखेड़ा मंडल अध्यक्ष श्यामलाल देवांगन, ढेकुना मंडल अध्यक्ष हीरालाल साहू,मंगेश्वर साहू, अश्वनी साहू, तुषार मानिकपुरी, अय्यूब खान, बुद्ध दास वैष्णव सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# देवसुन्दरा में बिखरी सुआ नृत्य की छटा



पलारी। देवनगरी ग्राम देवसुन्द्रा में आयोजित सुआ नृत्य प्रतियोगिता ने क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को एक बार फिर से जीवंत कर दिया। इसमें सुवा ले के जा सन्देश कोसमखुटा प्रथम स्थान प्राप्त कर विजयी होने का गौरव हासिल किया। चिरौटी ने द्वितीय, भोरिंग ने तृतीय, आरगं ने चतुर्थ तथा भरुवाडीह ने पंचम स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र मोनु साहू ने कहा सुआ नृत्य हमारी मातृशक्ति की सांस्कृतिक पहचान है। यह केवल एक नृत्य नहीं बल्कि हमारी सभ्यता और संस्कृति का जीवंत दस्तावेज है। इन परंपराओं को संजोकर आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। ऐसे आयोजन हमारी युवा पीढ़ी को अपनी समृद्ध विरासत से जोड़ते हैं।

रामतिरथ दास मुक्तियार बालाजी मन्दिर ने इस आयोजन का सराहना किया। ऐसे आयोजन ही हमारे संस्कृति को बचाये रखा है। ग्राम देवसुन्द्रा के सरपंच अभिराम साहू ने कार्यक्रम की सफलता का श्रेय नवयुवक श्री लक्ष्मी उत्सव समिति और सभी ग्रामवासियों की सक्रिय सहभागिता का परिणाम है। कार्यक्रम में चन्द्रप्रभा साहू जनपद सदस्य पलारी, मनोज आर्डिल जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि, वरूण वर्मा उप सरपंच देवसुन्द्रा रामखिलावन वर्मा, अजय बघमार, नमिता भुषण वर्मा सरपंच सर्रा, पंचराम वर्मा, सतिष वर्मा, टिकेश्वर वर्मा, मनुलाल वर्मा शिक्षक, भुपेन्द्र वर्मा, समिति के अध्यक्ष शेखर यादव, उपाध्यक्ष छन्नु वर्मा, सचिव भुपेन्द्र वर्मा, कोषाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, सदस्यगण राजेन्द्र वर्मा, होरीलाल वर्मा, गोविन्द वर्मा सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# शहर व गांवों में मना देवउठनी का पर्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

नगर में देवउठनी एकादशी का पर्व हर्षोल्लास व आस्था के साथ मनाया गया। देवउठनी पर शहर के साथ गांवों में लोगों ने अपने घरों में गन्ने के मंडप पर तुलसी विवाह किया। शहर के वार्ड 1, मील पारा वार्ड 2, चांदनी चौक, राम मंदिर चौक , हनुमान मंदिर वार्ड 8 और वार्ड 5 में छोटे बच्चों ने गौरा गौरी की कर विशेष धार्मिक अनुष्ठान किए। इससे पहले श्रद्धालु पूरे दिन निर्जला व्रत रखकर पूजन किया गया। दीवाली के बाद सन्नाटा पसरे गांवों में भी शाम को तुलसी विवाह के बाद पटाखों की धमक गूंजी। दीये व रंगोली से हर द्वार सजा हुआ था।

इस अवसर पर शहर सहित अनेक गांवों में विधिवत गौरी-गौरा पूजन कर बाजे गाजे के साथ शोभायात्रा निकालकर धूमधाम से विसर्जन किया गया। नगर में जगह जगह गौरी-गौरा स्थापित किया, जिसमें उत्साह से मोहल्लेवासियों के साथ नगरवासियों ने भाग लिया।

सर्व आदिवासी समाज द्वारा अपने आराध्य देव बूढादेव को याद करते हुए राजा ईशर गौरा दाई विवाह उत्सव बस स्टैण्ड स्थित गोंडवाना भवन में 15 से 17 नवंबर तक धुमधाम से मनाया जायेगा।



सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
01 नवम्बर 2025
SHOW TIME
बाहुबली द ईपिक
शो समय - 3:00, 6:00 PM
थामा
शो समय - 12:00, 9:00 PM
एक दीवाने की दीवानियत
शो समय - 12:00,3:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# विवाह की रस्म पूरी कर गौरी-गौरा की प्रतिमाओं का किया विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

जिले में इस बार देवउठनी एकादशी पर्व शनिवार और रविवार को भी मनाया गया। देवउठनी एकादशी के अवसर पर अंचल के कई गांवों में गौरी गौरा का विसर्जन धूमधाम से किया गया। इस दौरान पारंपरिक नाच गाने, बाजे गाजे, कर्मा नृत्य करते और बैंडबाजा के साथ शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। लोग खुशी-खुशी प्रतिमाओं को विसर्जित करने तालाबों तक ले गए, जहां विधिवत पूजन के बाद गौरी गौरा का विसर्जन किया गया।

पूजा और विवाह की रस्म पूरी होने के बाद ग्रामीणों ने गौरा गौरी की प्रतिमा का पूरे गांव में भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

इसके बाद परंपरा के अनुसार गौरी गौरा के प्रतिमाओं को कर्मा दल बैंड बाजा और मांदर की थाप पर नाचते गाते गांव के पूरेनिहा तालाब में विसर्जन किया गया। इस दौरान गेंदराम वर्मा, रामकुमार जायसवाल, कुलेश्वर, पिंकू वर्मा, शिवचंद्र रजक, प्रेमलाल रजक, लोकपाल जायसवाल, सुरेश जायसवाल, मेघराज जायसवाल, भागवत ध्रुव, प्रेमलाल ध्रुव, भूषण ध्रुव, सेवक यादव, राकेश साहू, योमन ध्रुव, रूपनारायण रजक, मेघनाथ रजक, राजेंद्र रजक सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## टोनाटार में गौरी-गौरा की निकाली बारात



### बाजे गाजे के साथ पूरी हुई विवाह की रस्में

इस वर्ष देवउठनी एकादशी का पर्व दो दिन मनाया गया। इसके चलते अर्जुनी नगर में शनिवार को तो टोनाटार सहित आसपास के कई गांवों में रविवार को देवउठनी एकादशी का पर मनाया गया। यहां डिपरा पारा रामसागर पारा गुड़ी चौक और नरवा पारा में पारंपरिक रूप से गौरा गौरी विवाह का आयोजन किया गया। ग्रामीण मिट्टी से गौरा गौरी की प्रतिमा बनाकर उसे विधिवत स्थापित किया और पूरे श्रद्धा भाव से पूजा अर्चना की। बाजे गाजे के साथ विवाह की रस्में पूरी की गई, जिसमें गांव की महिलाओं और युवाओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। गांव में पूरे दिन भक्ति और उल्लास का माहौल बना रहा।

## खबर संक्षेप



### पार्षद ने बिछड़े हिरण को जंगल में छोड़ा

**पलारी**। वार्ड पार्षद नगर पंचायत रोहांसी अजय ध्रुव ने मादा हिरण को धमनी के घने जंगल में उनके मां के पास सुरक्षित छोड़ा। अजय ध्रुव ने मानवता का संदेश देते हुए कहा कि हमें प्रकृति और जानवरों के प्रति संवेदनशील होना चाहिए और उन्हें उनके प्राकृतिक आवास में रहने देना चाहिए। यह संदेश कई कहानियों में देखा जा सकता है, जहां हिरण को एक मासूम और निर्दोष प्राणी के रूप में दर्शाया गया है, जिसे मानवीय हस्तक्षेप से बचाया जाना चाहिए और अंततः उसके प्राकृतिक घर यानी जंगल में ही उनके वापस छोड़ दिया जाना चाहिए। बेजुबान जानवरों का संरक्षण करना हम सबकी जिम्मेदारी है।

### चाकू से हमला, अपचारी बालक पुलिस गिरफ्त में

**घोटिया**। ग्राम चरौदा में रविवार देर रात हुए चाकूबाजी के मामले में थाना गिधपुरी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी अपचारी बालक को 12 घंटे के भीतर हिरासत में ले लिया। मिली जानकारी के अनुसार 2 नवंबर की रात ग्राम चरौदा निवासी प्रकाश जायसवाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह सुआ नाचा कार्यक्रम देखकर करीब रात 12 बजे घर लौट रहा था। उसी दौरान बोरिंग के पास उसके चाचा के पुत्र गुमान जायसवाल पर आरोपी अपचारी बालक ने अचानक चाकू से प्राणघातक वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।घायल गुमान जायसवाल को पहले पलारी, फिर जिला अस्पताल बलौदाबाजार ले जाया गया। फिलहाल उसका इलाज चंदा देवी तिवारी अस्पताल बलौदाबाजार में जारी है।मामले में थाना गिधपुरी पुलिस ने धारा 109 बीएनएस, 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया। आरोपी अपचारी बालक को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने पुरानी रंजिश के चलते गुमान जायसवाल पर चाकू से वार करने की बात कबूल की।

### निधन

**गंगोत्री बाई टंडन**



**मुंडा**। ग्राम सरखोर निवासी गंगोत्री बाई टंडन 70 वर्ष का निधन हो गया। वह सेवानिवृत्ति हेड मास्टर संतराम टंडन की पत्नी व जवाहर, जगमोहन, राजू टंडन के माताजी थीं। उनका अंतिम संस्कार नदी किनारे किया गया, जिसमें गांव के लोग भारी संख्या में शामिल हुए।

**आयोजन : राज्य स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में लिया हिस्सा**

# कराते स्पर्धा में माडर्न स्कूल के छात्रों ने जीता गोल्ड और सिल्वर मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के छात्रों ने राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में कक्षा सातवीं की छात्रा वालिया साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल किया। वहीं कक्षा आठवीं के छात्र श्रेयांश जैन ने द्वितीय स्थान में सिल्वर मेडल जीतकर शाला का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय में सतत विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विविध प्रतियोगिताएं जिसमें शैक्षणिक, रंगोली एवं खेल गतिविधियां आयोजित की गई। इसके अंतर्गत शाला में अंग्रेजी कविता, रंगोली, कबड्डी व रस्सी कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कविता सुनाओ प्रतियोगिता कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के लिए रखी गई थी। इसमें प्रतिभिगियों ने विभिन्न परिवेश धारणकर हाव-भाव के साथ अपनी कविता के माध्यम से फल, पेड़ लगाओ, बेटी बचाओ, पाठशाला, हेल्दी फूड और जंक फूड, ट्रैफिक नियम, दीपावली विषयों पर सुंदर कविताओं की प्रस्तुतियां दी। रंगोली के सुंदर रंग घर में खुशहाली एवं सुख समृद्धि लाते हैं। इन्हीं भावनाओं को ध्यान में रखते हुए मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागी सभी छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की आकर्षक रंगोली बनाकर अपनी रचनात्मक कला का प्रदर्शन किया।

कबड्डी शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। यह मांसपेशियों को मजबूत करती है, सहनशक्ति को बढ़ाती है और टीम वर्क, स्फूर्ति, रणनीति बनाने और तेजी से निर्णय लेने जैसे कौशल विकसित करती है। इसके अतिरिक्त यह एक पारंपरिक भारतीय खेल है जो सांस्कृतिक विरासत और एकता को बढ़ावा देता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन कक्षा छठवीं से आठवीं तक के छात्रों के लिए रखा गया। इस अवसर पर प्राचार्या श्रीमती प्रीति ताम्हणे ने कहा कि ये प्रतियोगिताएं पुस्तकीय ज्ञान के अतिरिक्त समस्त शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए रखी गई है। विद्यार्थी जीवनकाल में जो सीखता है वह उसे जीवन में नई दिशा प्रदान करता है। उसका भविष्य प्रशस्त होता है। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को बधाई दी गई।

# अमन पब्लिक के छात्रों ने मनाई रजत जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

नगर के अमन पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल में 1 नवंबर को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राओं व सभी शिक्षक रंग-बिरंगे वेशभूषा व पोषाक में दिखे। छत्तीसगढ़ी वेशभूषा ने लोगों को आकर्षित किया। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए, जिसमें लोक नृत्य गायन की प्रमुख रूप से प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर डॉ. अब्दुल अमीन खान मुख्य अतिथि रहे। इस उत्सव समारोह में प्राचार्य अंजलि देवांगन, माया राजपूत, आकांक्षा देवांगन, शालिनी जायसवाल, प्रगति देवांगन, पिंकी पटेल, यशोदा वर्मा, दीपा देवांगन, दुर्गा वर्मा, जिज्ञासा वर्मा, मोना निर्मलकर, टीना साहू, पुष्पा दीदी, प्रमोदिनी, शबाना, आकांक्षा, चंचल साहू, अंबालिका साहू, डोमार अग्रवाल, उमेश, करण पाल आदि संस्था के समस्त कर्मचारियों की उपस्थिति रही ।

# भास्कर एप्टीट्यूड टेस्ट में ऑक्सफोर्ड हायर सेकंडरी के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल



रविवार को प्रीमियर एकेडमी द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित भास्कर एप्टीट्यूड टेस्ट 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ऑक्सफोर्ड इंग्लिश हायर सेकंडरी स्कूल, कसडोल के टॉपर्स को बलौदाबाजार के जिला ऑडिटोरियम में सम्मानित किया गया। शिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन और प्रोत्साहन ने छात्रों को इस अत्यधिक प्रतिस्पर्धी परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने में मदद की। चेयरमैन सीपी साहू ने इस अवसर पर छात्रों के भविष्य निर्माण में ऐसी उपलब्धियों के महत्व को रेखांकित किया और इसे स्कूल के लिए गर्व का क्षण बताया। प्रधानाचार्या लक्ष्मी साहू और शिक्षकों ने भी अपनी खुशी और गर्व व्यक्त किया और आने वाले वर्षों में शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

ऑक्सफ़ोर्ड स्कूल के कक्षा-वार टॉपर्स में मानसी साहू कक्षा 6वीं, अंकिता सेन कक्षा 7वीं, हर्षिता कंवर कक्षा 8वीं, शौर्य कोसले कक्षा 8वीं, दिव्यांशु साहू कक्षा 9वीं, और रूपेश कुर्रे कक्षा 10वीं शामिल हैं।

## सेजेस सेल में मना राज्य स्थापना दिवस

**सेल**। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सेल में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में राज्य स्थापना महोत्सव मनाया गया। इसमें कुमारी पुनीता वर्मा कक्षा 4थीं की छात्रा ने छत्तीसगढ़ महतारी का महिमा का गुणगान किया तथा राज्य के राजकीय गीत अरपा पैरी के धार गीत की प्रस्तुति दी। संस्था के प्रथम पाली प्रभारी प्राचार्य सीएम साहू ने छत्तीसगढ़ राज्य के बनने से लेकर अब तक की स्थिति पर प्रकाश डाल छत्तीसगढ़ महतारी का गुणगान किया तथा संस्था की ओर से उपस्थित बच्चों को मिठाई प्रसाद एवं बच्चों के लिए सबसे शक्तिशाली उपकरण कलम पेन दिया। इस अवसर पर प्राचार्य जितेंद्र कुमार देवांगन, शाला विकास समिति के अध्यक्ष देवनारायण वर्मा, गंगाराम वर्मा, विरेंद्र कुमार साहू, सेवानीवृत शिक्षक लक्ष्मण देवांगन आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



## फाइन आर्ट चित्रकला में रूपेंद्र ने राष्ट्रीय स्तर पर हासिल किया द्वितीय स्थान

**खरोरा**। छत्तीसगढ़ राज्य ऑप्ट यूनिवर्सिटी खरोरा नगर में अध्ययनरत रूपेंद्र निषाद ने नूतन कला संगम रायपुर के आचार्य संघर्ष यादव के मार्गदर्शन में उड़ीसा के जगन्नाथ पुरी में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय फाइन आर्ट चित्रकला प्रतियोगिता में अपनी कला प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



30 सितंबर से प्रारंभ हुई इस प्रतियोगिता में देशभर के श्रेष्ठ कलाकारों ने भाग लिया, जिनके मनमोहक चित्रों ने दर्शकों और निर्णायकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसी प्रतियोगिता में खरोरा के युवा कलाकार रूपेंद्र निषाद ने अपनी सृजनशीलता और अद्भुत कला कौशल से राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई। उनकी इस उपलब्धि से पूरे खरोरा क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड़ गई है। उनके पिता रामजी निषाद, जो हायर सेकेंडरी स्कूल कनकी में व्याख्याता हैं, ने कहा कि रूपेंद्र की यह सफलता परिश्रम, लगन और कला के प्रति समर्पण का परिणाम है। रूपेंद्र की इस उपलब्धि पर उनके माता-पिता, परिवारजन एवं मित्र कृष्णा साहू, शिक्षक धीरेंद्र कुमार वर्मा सहित नगरजनों ने हर्ष व्यक्त किया।

# डीएवी स्कूल के छात्रों ने योगा इवेंट में जीता गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

- स्पर्धा जीतकर छात्रों ने नेशनल स्पोर्ट्स दिल्ली के लिए क्वालीफाई किया



डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल खम्हरिया के विद्यार्थियों ने एक बार फिर स्कूल का नाम रोशन किया है। डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स जोनल लेवल प्रतियोगिता का आयोजन डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल नंदिनी माइंस (दुर्ग) में किया गया, जिसमें खम्हरिया स्कूल की छात्राओं ने योगा इवेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया और डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स दिल्ली के लिए क्वालीफाई किया।

योगा टीम में काव्या साहू, अदिति साहू, श्रद्धा देवांगन, गीतिका साहू और पूर्वी साहू शामिल थीं, जिन्होंने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से स्कूल, क्षेत्र और अभिभावकों का नाम गौरवान्वित किया। इस उपलब्धि में खेल शिक्षिका रिचा साहू का विशेष योगदान रहा, जिनके सतत प्रशिक्षण, अनुशासन एवं मार्गदर्शन से छात्राओं ने यह सफलता हासिल की।

प्राचार्य संदीप कुमार पटेल ने छात्राओं एवं खेल शिक्षिका को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि स्कूल के समग्र विकास और छात्रों में छिपी प्रतिभा को सामने लाने का परिणाम है। आगे नेशनल स्तर पर भी हमारी बेटियां उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगी, इसका हमें पूरा विश्वास है।

## बैठक में योजना आयोग ने गौ संरक्षण व संवर्धन की दी जानकारी

**सिमगा**। जनपद पंचायत सिमगा के सभागार में गौ सेवा आयोग के विकासखण्ड स्तरीय समिति की प्रथम बैठक हुई। इसमें प्रमुख रूप से विकासखण्ड अध्यक्ष गगन तिवारी, सदस्य एवन साहू एवं विजय देवांगन एवं गौ सेवक नीरज ठाकुर, मोनू साहू के साथ जनपद पंचायत से गेन्डरे, विकासखण्ड पशु चिकित्सक डॉ. पवन कुमार कुर्रे, डॉ. खेमनारायन यादव, डॉ. भास्कर एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष विकास सोनकर, पार्षद वार्ड 4 मुकुंद रजक, राहुल ठाकुर, केवल साहू, उमेश सायतोड़े, उपस्थित थे। मुख्य वक्ता एवं अतिथि के रूप में तिल्दा जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष सुरेन्द्र वर्मा भी उपस्थित थे। बैठक में गगन तिवारी द्वारा गौ धाम योजना, गौ संरक्षण एवं संवर्धन की जानकारी व योजना के लाभ की जानकारी दी।



# छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर हुआ भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा





ग्राम मुड़पार में इस वर्ष भी युवा संगठन के संयुक्त तत्वावधान में छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन आदर्श ग्राम मुड़पार के हृदय स्थल पर बड़े ही श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर पुष्पांजलि, नारियल अर्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर की गई। उपस्थित ग्रामीणों एवं अतिथियों ने भक्ति भाव से दीपदान कर महतारी आरती में भाग लिया। सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति में पूरे ग्राम में उल्लास का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम में डोमार साहू ने कहा कि 1 नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश से अलग होकर एक स्वतंत्र राज्य बना। यह दिन हमारे गौरव, संस्कृति और पहचान का प्रतीक है। वर्ष 2025 में हम राज्य स्थापना के 25वें वर्ष रजत जयंती का उत्सव मना रहे हैं, जो हमारी परंपरा और एकता का प्रतीक है।उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की धरती धन-धान्य, वन, खनिज, नदियां और पौराणिक धरोहरों से समृद्ध है। यह भूमि भगवान श्रीराम की मातृभूमि मानी जाती है और पूरे देश में अपनी संस्कृति और संसाधनों के लिए प्रसिद्ध है।

कार्यक्रम के अंत में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रसिद्ध आरती अरपा पैरी के धार... का सामूहिक गान हुआ, जिसमें पूरा ग्राम भक्ति और गर्व की भावना से सराबोर हो उठा।

गांव में पारंपरिक गीतों और नृत्यों की गूंज देर रात तक सुनाई देती रही। आयोजन में डोमार साहू, फलित कुमार, जेन्द्रे मेक रावल यादव, भारत यादव, चोवाराम वर्मा, मूलचंद साहू, पुष्पेंद्र साहू, दिनेश कुमार साहू, मेहुल, भूपेंद्र, निखिल यादव, रविकांत साहू, अशोक कुमार यादव, दिलीप देवदास, गोविंदा वर्मा, अनिल कुमार यादव, महेश कुमार यादव, लोकेश वर्मा, कुमार साहू, दिनेश कुमार यादव, खिलेंद्र साहू एवं समस्त युवा संगठन मुड़पार तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे।



